उपलब्धि | जनवरी महीने में प्राप्त शत प्रतिशत शिकायतों को हुआ निस्तारण, शासन ने जारी की रैंकिंग

# शिकायत निस्तारण में श्रावस्ती प्रदेश में अव्वल

**95.28** प्रतिशत रहा सभी थानों पर वादी से लिया गया फीडबैक

**100** प्रतिशत अंक पाकर पहले स्थान पर रहे सभी थाने

**श्रावस्ती, संवाददाता।** एसपी राहुल भाटी के नेतृत्व में शिकायत निस्तारण में जिले को बड़ी उपलब्धि मिली है। आईजीआरएस प्रणाली के तहत शिकायत निस्तारण में श्रावस्ती को प्रदेश में पहला स्थान मिला है। साथ ही जिले के सभी थाने भी जनवरी महीने में सूबे में पहले स्थाल पर रहे।

लोगों को घर बैठे उनकी समस्या का समाधान के लिए सरकार की ओर से आईजीआरएस प्लेटफार्म उपलब्ध कराया है। जिसके माध्यम से लोग आनलाइन शिकायत कर समाधान पा रहे हैं। इस प्रणाली में जनवरी महीने में श्रावस्ती जनपद के पुलिस महकमे ने शत प्रतिशत शिकायतों को निस्तारण कर प्रदेश में निस्तारण के मामले में पहला स्थान प्राप्त किया है। एसपी राहुल भाटी ने बताया कि सभी थाना प्रभारियों की ओर से शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया। जिसके परिणाम स्वरूप कर्मियों की मेहनत और लगन की वजह से श्रावस्ती का उत्कृष्ट प्रदर्शन हुआ और माह जनवरी में श्रावस्ती व जनपद के सभी नौ थानों की रैंकिग जोन गोरखपुर के साथ प्रदेश में पहले स्थान पर रही। उन्होंने बताया कि सभी थाने आईजीआरएस प्रार्थना पत्र निस्तारण में 100 प्रतिशत अंक पाकर पहले स्थान पर रहे। जनवरी माह में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का तय समय में निस्तारण कराया गया। कोई भी संदर्भ डिफाल्टर नहीं हुआ और न ही सी श्रेणी में गया।

- समस्या हल के लिए आईजीआरएस प्लेटफार्म उपलब्ध
- जनवरी माह में तय समय में निस्तारण कराया गया

सभी संदर्भों की समय से मार्किंग की गई। सभी थानों पर वादी का संतोषजनक फीडबैक 95.28 प्रतिशत रहा। एसपी की ओर से आईजीआरएस में कार्य कर रहे सभी पुलिसकर्मियों की सराहना की गयी गई है।